The ASBA [Application Supported by Blocked Amount] facility was introduced in the bank during October 2010. Bank is registered with SEBI as Self Certified Syndicate Bank (SCSB) for providing Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) to its customers. Bank has integrated ASBA facility with its core banking solution. ASBA process is available in all public issues made through the book building route and rights issues. This scheme aims at providing the facility of blocking of amount to the extent of the bid amount of the customers investing in shares and bonds through the IPO/FPO.

Depository Participant Services

Your Bank is holding permanent registration as Depository Participant issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI). The Bank is a Depository Participant of CDSL. This facility enables customers to keep their Capital Market Securities in electronic form. The 3-in-1 account cum on-line trading facility under the brand name "Synd-e-Trade" was launched by the Bank on October 24, 2011. The facility comprises of the CASA account, Demat account and Trading account for enabling customers to trade in shares online, using the funds in the CASA account and dematerialized securities in the DP account through the Straight through Process.

During FY 2016-17, Bank has earned an income of ₹320.00 lakh from Cash Management and Capital Market operations against an income of ₹239.25 lakh during FY 2015-16.

Other Services

New Pension System (NPS)

The Bank is registered with the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) as Point of Presence (POP) for offering various services under the New Pension System – a scheme introduced by the Government of India for providing old age income security. 3481 branches of your Bank are registered with NSDL for offering various services under the scope of the NPS as Point of Presence – Service Provider (POP-SP).

Atal Pension Yojana (APY)

The Government of India introduced the Atal Pension Yojana (APY), with effect from 1st June, 2015, for creating a universal social security system for all Indians, especially the poor, the under-privileged and the workers in the unorganised sector. APY is being administered by the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) under the overall administrative and institutional architecture of the National Pension System (NPS). 3,819

जो एपीवाई में उनके प्रवेश की आयु के आधार पर भिन्न-भिन्न होता है, के अनुसार ₹1,000 प्रतिमाह, ₹2,000 प्रतिमाह, ₹3,000 प्रतिमाह, ₹4,000 प्रतिमाह और ₹5,000 प्रतिमाह की निर्धारित पेंशन राशि प्राप्त करते हैं।

कार्ड कारोबार

1. क्रेडिट कार्ड उत्पाद

बैंक, 20.10.2003 से वीजा इंटरनेशनल के सहयोग से गोल्ड और क्लासिक क्रेडिट कार्ड प्रदान कर रहा है जिनका प्रयोग एटीएम, बिक्री केंद्र टर्मिनल (पीओएस) तथा इंटरनेट में किया जा सकता है। बैंक, 31.03.2017 तक कुल 93,857 क्रेडिट कार्ड जारी कर चुका है। बैंक ने 04.02.2015 से मेसर्स एटॉस वर्ल्डलाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को क्रेडिट कार्ड सेवाओं के संपूर्ण प्रबंधन कार्य सौंपा है ।

बैंक के वेबसाइट पर कार्डधारकों के लिए पोर्टल की शुरुआत

सिंडिकेट ग्लोबल क्रेडिट कार्ड के लिए कार्डधारक, बैंक के वेबसाइट में ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और लॉगिन कर वे अपना लेनदेन विवरण, बिल के ब्यौरे / विवरण आदि देख सकते हैं । शाखाओं को ''वन व्यू'' सुविधा के माध्यम से उनके द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्ड के ब्यौरे को देखने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है ।

2. डेबिट कार्ड उत्पाद

बैंक ने 29.03.2003 को वीआईएसए (वीजा) तथा 22.06.2011 को मास्टर कार्ड (मेस्ट्रो ब्रांड) के सहयोग से ग्लोबल डेबिट कार्ड की शुरूआत की। दिनांक 20.10.2012 से बैंक उच्च लेनदेन की सीमावाला वीजा इंटरनेशनल गोल्ड डेबिट कार्ड जारी कर रहा है। वर्ष 2016 के दौरान, बैंक द्वारा वीजा/ एनपीसीआई के सहयोग से नए प्रकार के निम्नलिखित डेबिट कार्डों की शुरुआत की गई है :

- रुपे मुद्रा कार्ड
- रुपे प्लेटिनम कार्ड
- एईपीएस रुपे डेबिट कार्ड (आधार सक्षम)
- वर्ष के दौरान बैंक ने, ओटीपी के माध्यम से ई-कॉमर्स लेन-देनों के लिए एनपीसीआई रुपे डेबिट कार्ड को सक्षम बनाया है।

बैंक ने 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार कुल 190.52 लाख डेबिट कार्ड जारी किए हैं जिनमें से 46.91 लाख से अधिक कार्ड प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत जारी किए गए हैं।

ईएमवी चिप डेबिट कार्ड जारी करना

दिनांक 01.09.2015 से बैंक ने नए पिन के साथ ईएमवी/चिप आधारित क्रेडिट कार्ड जारी करने की शुरुआत की है। मौजूदा सभी मैगस्ट्रीप क्रेडिट कार्डों को ईएमवी/चिप वाले कार्डों से प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में बैंक, वीसा और रुपे के लिए ईएमवी चिप डेबिट कार्ड जारी करना प्रारंभ किया है। मास्टर कार्ड से ईएमवी चिप कार्ड जारी करने के लिए प्रमाणीकरण का कार्य प्रगति पर है।

branches have been registered as NLCCs to offer the services under this scheme to customers. Under the APY, the subscribers would receive the fixed pension of ₹1,000 per month, ₹2,000 per month, ₹3,000 per month, ₹4,000 per month, ₹5,000 per month, at the age of 60 years, depending on their contributions, which itself would vary on the age of joining the APY.

Card Business

1. Credit Card Product

Bank, in association with VISA International, offers Gold and Classic Credit Cards which can be used at ATMs, Point-of Sale Terminals (POS) and Internet, w.e.f. 20.10.2003. Bank has issued 93,857 credit cards till 31.03.2017. Bank has entrusted end-to-end management of credit card services through M/s Atos Worldline India Pvt. Ltd since 04.02.2015.

Introduction of Cardholder's Portal in Bank's website

Card holders can register on-line in the Bank's website portal for Syndicate Global Credit Card and by logging in; they can view their transaction details, billing details/ statement etc. Branches have been facilitated to view the details of credit cards issued by them through "One View" facility.

2. Debit Card Product

The Bank launched Global Debit Cards in association with VISA on 29.03.2003 and in association with Master Card (Maestro Brand) on 22.06.2011. The Bank has been issuing VISA International Gold Debit Cards with higher transaction limits w.e.f. 20.10.2012. During 2016, the Bank has launched the following new variants of Debit Cards in association with VISA/NPCI.

- RuPay Mudra Cards
- RuPay Platinum Cards
- AEPS RuPay Debit Cards (Aadhaar enabled)
- During the year, Bank has enabled NPCI's RuPay Debit Cards for e-commerce transactions through OTP.

The Bank has issued 190.52 lakhs Debit Cards as on 31.03.2017, out of which, over 46.91 lakh RuPay cards were issued under Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana.

Issuance of EMV Chip Cards

Bank has commenced issuance of EMV/Chip based credit cards with new PIN with effect from 01.09.2015. All the existing Magstripe credit cards are being replaced with EMV/Chip based Cards.

In compliance to the directives of RBI, Bank has commenced issuance of EMV chip Debit Cards for VISA and RuPay variants. Certification for issuing EMV chip cards from Master Card is under process. Bank has enabled

दि.01.02.2016 से तत्काल ईएमवी चिप रुपे कार्ड जारी करने हेतु शाखाओं को सुविधा दी गई है।

बिक्री केंद्र (पीओएस) प्राप्त करना

बैंक, 02.10.2009 से मर्चेंट एक्वायरिंग कारोबार क्षेत्र में प्रवेश किया है। इसके सभी बिक्री केंद्र (पीओएस) टर्मिनल, बैंकों द्वारा जारी किए गए सभी प्रकार के कार्डों के लिए वीसा/मास्टर कार्ड/रूपे विनिर्दिष्ट मानकों तथा ईएमवी एवं पिन आधारित लेन-देनों के लिए पूर्ण रूप से सक्षम हैं। 31.03.2017 की स्थिति में बैंक ने कुल 4,496 बिक्री केंद्र टर्मिनल स्थापित किए थे जिनमें से 1,705 टर्मिनल इस वर्ष के दौरान स्थापित किए गए। बैंक ने अपनी सदस्यता के तहत मास्टर कार्ड लेनदेनों की प्राप्ति कर लक्ष्मी विलास बैंक लिमिटेड तथा धनलक्ष्मी बैंक द्वारा लगाए गए बिक्री केंद्र टर्मिनलों के माध्यम से भी अप्रत्यक्ष बिक्री केंद्र कारोबार में प्रवेश किया है।

उत्पाद नवोन्मेषण एवं कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास (बीपीआर)

बैंक की उत्पाद नवोन्मेषण तथा कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास गतिविधियों के लिए बैंक में उत्पाद नवोन्मेष तथा बीपीआर विभाग कार्यरत है।

उत्पाद नवोन्मेषण

बेहतर ग्राहक सेवा पर बैंक का प्रमुख ध्यान रहा है। इस गतिशील आर्थिक परिप्रेक्ष्य में ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बैंक अपनी सेवाओं का निरंतर उन्नयन कर रहा है। युवा पीढ़ी के ग्राहकों को दृष्टिगत रखते हुए समय की मांग के अनुसार बैंक ने उत्पादों व सेवाओं के निर्माण में अपनी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है। उत्पाद नवोन्मेषन हेतु बैंक ने सक्रियता से कार्य करते हुए निम्न उत्पादों की शुरूआत की है।

1. **''सिंड स्वयं''** बैंक के वेबसाइट पर उपलब्ध यह ऑनलाइन खाता खोलने की सुविधा प्रदान करने वाली सेवा है, जो सरल व सहज प्रक्रिया का अनुसरण कर तीन सरल चरणों में अपनी वैयक्तिक जानकारी दर्ज कर ग्राहकों को ऑनलाइन खाता खोलने की सुविधा प्रदान करती है।
2. **''सिंड वसीयत''** यह एक ऑनलाईन **''वसीयत''** लेखन की सुविधा है, जिसे एनएसडीएल ई-जीओवी और वारमंड ट्रस्ट्रीज़ के साथ त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत ग्राहकों के लिए वेबसाइट पर अन्य पक्षकार रेफरल सेवा संबंधी लिंक उपलब्ध कराया जाता है।
3. **फास्टैग्स: ''एनईटीसी'' स्वचालित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन प्रणाली :** इस प्रणाली के अंतर्गत बैंक द्वारा यात्रियों को अपनी नोडल शाखाओं के जरिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन टैग (आरएफआईडी) प्रदान करने की प्रथा शुरू की गई है, जो टोल में लगे आईएफआईडी स्कैनर को डिजिटल बनाकर राशि के स्वचालित कलेक्शन की सुविधा प्रदान करता है। विनिर्दिष्ट टोल प्लाज़ा पर ग्राहकों को नकदी रहित सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु एनपीसीआई के तरफ से बैंक द्वारा आरएफआईडी टैग जारी किया जाता है।
4. **सोशल मीडिया लिसनिंग :** आजकल लोग उत्पादों/ ब्रांड/संस्थान आदि के बारे में अपना विचार या प्रशंसा व्यक्त करने के लिए सोशल

branches for issuance of Instant EMV chip RuPay cards from 01.02.2016.

Point of Sale (POS) Acquiring

Bank ventured into the merchant acquiring business on 02.10.2009. All its POS terminals do comply with VISA/ MasterCard/RuPay specified standards and are fully compliant to handle EMV and PIN based transactions for all types of cards issued by Banks. As on 31.03.2017, Bank had installed 4,496 POS Terminals, out of which 1,705 terminals were installed during the year. Bank has also ventured into Indirect POS business by acquiring Master Card transactions under its membership through POS terminals deployed by Lakshmi Vilas Bank Ltd., and Dhanalakshmi Bank.

PRODUCT INNOVATION & BUSINESS PROCESS RE-ENGINEERING (BPR)

Bank has Product Innovation and BPR department to carry out product innovation and business process re-engineering activities of the Bank.

Product Innovation

Better customer service is the prime focus of the Bank. Bank is continuously upgrading its services to cater to the ever growing needs of customers in the dynamic economic scenario. Keeping in view the dominant Y-gen customers Bank has leveraged its technology to create need of the hour products and services. Bank actively undertaken product innovation and the following are products that have been introduced.

1. **"Synd Swayam"** on-line account opening service has been launched on Bank's website which facilitates customers to open account on-line at ease and convenience by simply filling their personal data in three simple steps.
2. **"Synd WASIYAT"** on-line "**WILL**" writing services under tripartite agreement with NSDL e-Gov and Warmond Trustees as third party referral services link is made available on website to the Customers.
3. **Fastags: "NETC" Automated National Electronic Toll Collection System**: Bank initiated issue of Radio Frequency Identification Tags (RFID) to the commuters through Nodal Branches, which will facilitate automatic collection of toll amount at toll plazas by RFID scanners installed at the tolls making it digital. Bank is issuer of RFID tags on behalf of NPCI to provide cashless services to the customers at specified toll plazas.
4. **Social Media Listening:** Lot of people these days are using Social Media platforms for venting out their criticism or appreciation for products/brands/

मीडिया प्लैटफार्म का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया लिसनिंग, किसी संस्था या ब्रांड या उत्पाद के बारे में सोशल मीडिया प्लैटफार्म में प्रचलित विचार व विमर्श को जानने की एक प्रक्रिया है। बैंक ने भी बड़े स्तर पर अपने उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में सोशल मीडिया प्लैटफार्म में प्रचलित जनमानस की प्रतिक्रिया का अवलोकन कर उसकी समीक्षा करने की प्रथा शुरू की है और बहुत जल्द बैंक अपने आधिकारिक सोशल पेज़ के जरिए पक्षसमर्थन सेवाएँ प्रदान करने की योजना बना रहा है।

''अनन्या'' परियोजना

नई पीढ़ी के निजी क्षेत्रक बैंकों, भुगतान बैंकों, लघु वित्त बैंकों तथा वैश्विक बैंकों से उभरती प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए यह वांछित है कि आपका बैंक भी पुनर्संरचना का कार्य प्रारंभ करे जैसा कि अन्य समकक्ष बैंकों सहित सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों द्वारा किया जा रहा है। बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, बैंक के लिए आरएफपी प्रक्रिया के तहत कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास कार्य हेतु बैंक ने बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप इंडिया प्रा.लि. (बीसीजी) को प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। दिनांक 15.02.2016 से 24 महीनों की अवधि के लिए ''अनन्या परियोजना'' शुरू की गई है। इस परियोजना के चार प्रमुख स्तंभ निम्नलिखित हैं:

- कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास (बीपीआर)
- डिजिटल बैंकिंग
- बिक्री एवं सीआरएम
- मानव संसाधन विकास

कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास

इसके तहत बैंक की नियमित प्रक्रियाओं जैसे, बचत खाता खोलना, खुदरा व एसएमई ऋणों का प्रसंस्करण आदि को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जाता है। इसका उद्देश्य केंन्द्रीय बैक ऑफिसों की स्थापना कर प्रक्रियाओं को केन्द्रीकृत करना है। प्रक्रियाओं का व्यवस्थितीकरण एवं केन्द्रीकरण, निजी और अन्य प्रतिस्पर्धी बैंकों में शाखाओं के कार्यभार को घटाने में सफल साबित हुए हैं जिससे शाखा अपने कारोबार व ग्राहक सेवा पर ध्यान केन्द्रित कर सकती है। इस स्तंभ का उद्देश्य, शाखा परिवेश (नई पीढ़ी के बैंक की तरह), ग्राहक सुविधा, डिजिटल सेवाएँ और वर्धित उत्पादकता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए शाखा रूपांतरण हासिल करना भी है। तदनुसार, अनन्या परियोजना के अंतर्गत 31 मार्च 2017 की स्थिति में कुल 372 शाखाओं का रूपांतरण किया गया है और 428 अन्य शाखाओं को रूपांतरित कर, 31 दिसंबर 2017 तक रूपांतरित अनन्या शाखाओं की कुल संख्या 800 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैंक की कुल 864 शाखाओं के लिए तत्काल खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय प्रसंस्करण केन्द्र (दक्षिण) की स्थापना मणिपाल में की गई है और अगले वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक यह सुविधा 2000 शाखाओं को उपलब्ध करायी जाएगी । बेंगलूरु एवं मंगलूर स्थित बैंक की शाखाओं के खुदरा ऋण प्रस्तावों के प्रसंस्करण के लिए वहाँ खुदरा ऋण केन्द्रों की स्थापना की गई है।

डिजिटल बैंकिंग

ग्राहकों की ज़िंदगी में डिजिटल वस्तुओं के बढ़ते अस्तित्व और बैंकिंग सेवा में डिजिटलीकरण के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के मद्देनज़र डिजिटल बैंकिंग चैनलों का विकास और ग्राहकों द्वारा उसे अपनाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा

institution etc. Social Media Listening is a process of identifying and assessing what is being said about an institution or a Brand or a Product. Bank also started listening and analyzing the sentiments of the public on social media platform at large regarding products and services and is planning to launch advocacy services shortly through Bank's official social pages.

Project "ANANYA"

In order to face competition, emerging from new generation private sector banks, payment Banks, Small Finance Banks and Universal Banks, it is desired that your Bank also embark into a restructuring exercise as being done by other peer Banks including PSU Banks. Bank engaged M/s Boston Consulting Group India Pvt. Ltd. (BCG) as Management consultant under RFP process for carrying out Business Process Re-engineering for the Bank as per the Board direction. "Project Ananya" commenced from 15.02.2016 for a period of 24 months. The four broad pillars of the project are as outlined below:

- Business Process Re-engineering (BPR)
- Digital Banking
- Sales & CRM
- Human Resource Development

Business Processes Re-engineering

Streamline regular Bank processes like SB account opening, retail loan processing, SME loan processing. Aim is to centralize processes through setting up of central back-offices. Process streamlining and centralization has been proven among private and public banking peers to be an important lever to help reduce branch work load, so as to enable the branches to focus on sales and customer service. This pillar also aims to achieve branch transformation, ensuring focus on branch ambience as a new-age bank, customer convenience, digital services and increased productivity. Accordingly total of 372 branches have been transformed as Ananya Branches across India as on 31st March 2017 and another 428 branches are targeted to be transformed by 31st Dec. 2017 taking the total to 800 Ananya Branches. National Processing Centre (South) is established at Manipal catering to the instant account opening services for 864 branches of the Bank and it will be extended to 2000 branches by the next financial year. Opened loan processing centers at Bangalore and Mangalore for processing of retail loans for respective city branches.

Digital Banking

With the advent of heavy digitization in the life of customers, as well as the significant digital push by the Government in Banking, improving digital banking channels and driving

देना, अनन्या परियोजना का एक मुख्य लक्ष्य है। साथ ही, बैंक के मौजूदा डिजिटल चैनलों जैसे, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग की विशिष्टताओं को बढ़ाने, मौजूदा प्रक्रियाओं को सरलीकृत करने, और मौजूदा एवं नए ग्राहकों द्वारा उसे पूर्ण रूप से अपनाने की प्रवृत्ति को बढ़ाना, इसका मुख्य उद्देश्य है। डिजिटल चैनलों को अपनाने हेतु स्वतः सेवा मशीन जैसे एटीएम, नकद जमा मशीन एवं पासबुक अद्यतन मशीनों आदि से लैश डिजी जोन युक्त अनन्या शाखाओं की स्थापना की जा रही है।

बिक्री एवं सीआरएम

अनन्या परियोजना का उद्देश्य बिक्री एवं सीआरएम को एक संपूर्ण प्रक्रिया –संभाव्य ग्राहकों के चयन से लेकर उसके परिवर्तन तक, के रूप में व्यवस्थित करना है। इस संबंध में व्यापक कारोबार (लीड) प्रबंधन प्रणाली के लिए एक ऐप बनाया गया है जो बिक्री और विपणन की सुविधा प्रदान करता है। इस लक्ष्य को हासिल करने और इस क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, यह परियोजना बैंक के विपणन संसाधनों को सशक्त बनाने और उसे बल प्रदान करने पर भी ध्यान केन्द्रित करता है।

मानव संसाधन रूपांतरण

इसके अंतर्गत संगठनात्मक उद्देश्यों के अनुरूप सर्वस्तरीय परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को सर्वदा अभिप्रेरित और नियोजित रखने के लिए संगठन को प्रतिभा आधारित संगठन के रूप उभरने के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए संगठनात्मक पुनर्संरचना किया जाता है। इस माड्यूल के अंतर्गत बैंक की कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली, प्रशिक्षण संरचना और कर्मचारी उत्पादकता व क्षमता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास भी किया जाता है।

परियोजना की प्रगति एवं प्रभाव

इस परियोजना को पूरा करने में दो वर्ष लगे। फरवरी 2017 में इस परियोजना की अर्ध–अवधि पूरी हो जाएगी। पहले वर्ष के दौरान इस परियोजना के सभी चार स्तंभों को हासिल करने के लिए अपेक्षित समाधान किया गया और भाग 1 एवं भाग 2 पहल (बीपीओ एवं डिजिटल चैनल) को पाईलेट समाधान के आधार पर क्रियान्वित किया गया। इस अवधि के दौरान कई मील के पत्थर हासिल किए गए, जो निम्नवत् हैं :–

- ❖ अब तक कुल 372 शाखाओं का रूपांतरण किया गया और 428 शाखाओं का रूपांतरण का कार्य प्रगति पर है ।
- ❖ बचत खाता खोलने की प्रक्रिया का पुनर्विन्यास किया गया है और 864 शाखाओं में तत्काल बचत खाता वेलकम किट के साथ, ग्राहकों को तत्काल बचत खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।
- ❖ तत्काल खाता खोलने के लिए शाखाओं को अपेक्षित बैक ऑफिस परिचालन प्रदान करने में सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय प्रसंस्करण केन्द्र, मणिपाल की स्थापना की गई है ।
- ❖ ग्राहक सेवा को बढ़ाने और ऋण प्रसंस्करण समय (टीएटी) को कम करने के लिए बेंगलूरु और मंगलूरु में ऋण प्रसंस्करण केन्द्र खोले गए हैं। मार्च 2018 तक ऐसे 24 और केन्द्र खोले जाएँगे।
- ❖ कम टीएटी और बेहतर ग्राहक सेवा को हासिल करने के लिए 12 एमएसएमई ऋण केन्द्र खोले जाएंगे ।
- ❖ ग्राहकों को केंद्रीकृत सहायता सेवा प्रदान करने हेतु हैदराबाद/मोहाली में संपर्क केन्द्र खोले गये हैं।

adoption among customers is prime pillar of project Ananya. It aims to improve features of existing digital channels- internet banking, mobile banking, simplified on-boarding process and drive for better adoption among existing and new customers. Equipped Ananya Branches with DigiZones powered by self service machines such as ATM, Cash Deposit Machines and Passbook update Machines for adoption of digital channels.

Sales & CRM

Project Ananya aims to streamline sales and CRM as an end to end process - from targeting potential customers to final conversion. An App is developed for comprehensive Lead Management System which would facilitate sales and marketing. In order to achieve all this and ensure sustainability, the project also aims to strengthen and focus on the marketing resources.

HR Transformation

Organizational restructuring to ensure a top to bottom alignment with organizational objective, while paving the path for a meritocracy based organization, keeping employees motivated and engaged. This module also aims to address the Bank's performance management system, training structure and employee efficiency and productivity.

Project Progress and Impact

The project was undertaken as a two year exercise. It reached its midway mark of completion in February 2017. The first year was spent designing solutions for all the four pillars of the project and then piloting solutions for part 1 and part 2 initiatives (BPR and Digital Channels). Many milestones have been reached, some highlights being:

- ❖ Branch transformation completed in 372 Branches and is underway for the next lot of 428 Branches.
- ❖ Saving Account Opening process was re-engineered and Instant Account opening is introduced in 864 branches with issue of instant SB Welcome Kit to the customers.
- ❖ National Processing Center, Manipal is opened to cater to the back office operations centrally facilitating the Branches in Instant account opening.
- ❖ Opened loan processing centers at Bangalore and Mangalore for improving the customer service with reduced Turn Around Time (TAT) of loan processing. 24 more centers will be opened by March 2018.
- ❖ 12 MSME Loan Centers will be opened to achieve low TAT and better customer service.
- ❖ Contact Centers at Hyderabad/Mohali are opened as a single point of help desk for the customers.

- इंटरनेट बैंकिंग/मोबाईल बैंकिंग में नई विशिष्टताएँ जोड़ी गई हैं ।
- इंटरनेट बैंकिंग/मोबाईल बैंकिंग के लिए नई ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया बनाई गई है।
- स्वतः सेवा मशीनों जैसे, एटीएम, नकद जमा मशीनों, पासबुक अद्यतन मशीनों आदि के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अनन्या शाखाओं में ''डिजिजोन'' बनाएं गए हैं।
- प्रभावी कारोबार प्रबंधन के लिए अंचल व क्षेत्रीय कार्यालयों का गठन कर संगठनात्मक संरचना को नया रूप दिया गया है।
- ग्राहक सेवा संबंध तथा बिक्री को बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों एवं हबों में विशेषीकृत विपणन की भूमिका बनाई गई है।
- कारोबार जुटाने हेतु सभी कर्मचारियों की सहायता हेतु ''सेल्स साथी'' नामक कारोबार (लीड) प्रबंधन ऐप की शुरुआत की गई है।

परियोजना के अगले एक वर्ष में दो पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा i) शेष पहलों का प्रायागिक आधार पर कार्यान्वयन ii) प्रायोगिक रूप में कार्यान्वित पहलों का बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन। शाखा रूपांतरण का दूसरा चरण क्रियान्वित करके अगले 428 शाखाओं का रूपांतरण संपन्न किया जाएगा। इसी प्रकार, अगले चरण के 24 खुदरा ऋण केन्द्रों और 12 एमएसएमई ऋण केन्द्रों को मार्च 2018 तक परिचालन में लाया जाएगा। इसी प्रकार, डिजिटल कार्यनीति से संबंधित विभिन्न पहलों को पूरा किया जाएगा। उपरोक्त बृहद् रोल-आउट के साथ-साथ, बिक्री एवं सीआरएम तथा एचआर रूपांतरण संबंधी पहलों को भी सफल रूप से संपन्न किया जाएगा।

उपरोक्त बीपीआर परियोजना, बैंक के लिए अपने बहुत पुराने संचालन को स्फूर्तिदायक बनाने, अपने व्यापार और बिक्री योजनाओं को बढ़ाने, लाभप्रदता को बढ़ाने,मानव संसाधनों की क्षमता प्रकट करने और बैंक द्वारा प्रदान किए जानेवाले विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लेनदेन की लागत को कम करने तथा भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सबसे पसंदीदा बैंक बनने के बैंक द्वारा किए गए प्रयासो में सहायक होगा।

वर्ष के दौरान समितियों का दौरा

- आंतरिक कामकाज में राजभाषा के प्रयोग के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 12.04.2016 को संसदीय राजभाषा समिति ने मथुरा का दौरा किया।
- अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति ने आरबीआई के मास्टर परिपत्र, 1 जुलाई, 2015- गारंटी एवं सह-स्वीकृति, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं स्टैंड-अप इंडिया योजना, उच्च गुणवत्तावाले जाली भारतीय मुद्रा नियम, 2013 के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 21.05.2016 से 23.05.2016 तक बेंगलूरु का दौरा किया।
- उद्योग संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने एमएसएमई के वित्तीयन पर आरबीआई के दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के संबंध में विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 25.05.2016 से 27.05.2016 तक बेंगलूरु का दौरा किया।

- New features incorporated in Internet Banking/Mobile Banking.
- New on boarding process designed for Internet Banking/Mobile Banking.
- "Digizones" created in Ananya Branches, to encourage uptake of Self Service machines such as ATMs, Cash Deposit Machines, Passbook Update Machines.
- Organizational structure is redesigned with creation of Zones and Regions for efficient business management.
- Specialized marketing roles created in Regional Offices and Hubs to improve Customer Service Relations and Sales.
- "Sales Saathi" a Lead Management App is introduced to facilitate every Syndian to scout for the business.

In the next one year of the project, the focus will shift in two aspects (i) pilot rollout of remaining initiatives (ii) large scale implementation of piloted initiatives. Phase 2 of branch transformation exercise shall be taken up to extend to next set of 428 branches. Similarly, next set of 24 Retail Loan Centers and 12 MSME Loan Centers will be made operational by March 2018. Similarly, multiple initiatives under digital strategy shall be driven to completion. Along with the large scale rollout mentioned above, initiatives around Sales and CRM, and HR Transformation will also be completed successfully.

The said BPR project is expected to help the Bank to re-energize its good old operations, step up its business and sales plans to enhance profitability, unfold the potential of the human resources and to reduce the overall transaction costs of various products & services offered and help in its endeavors to become the most preferred Public Sector Bank of India.

COMMITTEES VISITED DURING THE YEAR

- Parliamentary Official Language Committee visited Mathura on 12.04.2016 to have discussion on use of Official Language in internal work.
- Parliamentary committee on subordinate legislation visited Bengaluru from 21.05.2016 to 23.05.2016 to have discussion on RBI Master Circular of 1st July, 2015 - Guarantees and Co-acceptances, Pradhan Mantri Mudra Yojana & Stand up India Schemes, high quality counterfeit Indian currency rules, 2013.
- Parliamentary standing committee on industry visited Bengaluru from 25.05.2016 to 27.05.2016 to have discussion on implementation of RBI guidelines regarding financing MSMEs.

- याचिका संबंधी संसदीय समिति ने कृषि क्षेत्र के अंतर्गत बढ़ते एनपीए को रोकने व उनका निपटान करने और वैयक्तिक आवास क्रेताओं को खुदरा ऋण का उपभोग करने का बढ़ावा देने के लिए उठाए जाने वाले कदम, जिससे आर्थिक क्रियाकलापों को बढ़ा सकें और एनपीए को रोक सकें, विषय पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 31.05.2016 से 02.06.2016 तक कूर्ग का दौरा किया।
- सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति ने मूल्य.लेन-देन के माध्यम.हिताधिकारियों पर सीमा निर्धारण के लिए ग्राहक प्रेरित विकल्प हेतु प्रावधान करने के संबंध में सरकार.आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 02.06.2016 को बेंगलूरु का दौरा किया।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पर संसदीय स्थाई समिति ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगों और अल्पसंख्यकों को प्रदान किए जाने वाले प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 20.06.2016 से 23.06.2016 तक लखनऊ का दौरा किया।
- मानव संसाधन विकास पर संसदीय स्थाई समिति ने शिक्षा ऋण सुविधा, सुकन्या समृद्धि योजना, कौशल विकास कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले छात्रों को ऋण प्रदान करने की दिशा में बैंक द्वारा किए जाने वाले प्रयासों पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 01.07.2016 को विशाखापट्टनम का दौरा किया।
- सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति ने आश्वासन, प्रतिज्ञा, घोषणा आदि की कार्यान्वयन सीमा और बैंक की ऋण नीति पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 04.07.2016 को शिमला का दौरा किया।
- अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों, किसानों के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत बैंक के निष्पादन पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 12.07.2016 को चंडीगढ़ का दौरा किया।
- वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने बढ़ती एनपीए को रोकने के लिए बैंक द्वारा उठाए गए. उठाए जाने वाले कदमों, आर्थिक संकट की ससमय पहचान के संबंध में आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों. अनुदेशों के परिप्रेक्ष्य में बैंक की विशिष्ट प्रतिक्रिया के बारे में विचार-विमर्श के लिए दिनांक 13.07.2016 से 15.07.2016 तक बेंगलूरु का दौरा किया।
- संसद के पटल पर प्रस्तुत दस्तावेज़ों संबंधी पर संसदीय समिति ने संगठन में उपलब्ध लेखापरीक्षा प्रक्रिया, प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के लिए सांविधिक केन्द्रीय लेखापरीक्षकों के चयन एवं नियुक्ति और निधियों के दुरुपयोग संबंधी उजागर मामलों पर विचार विमर्श के लिए दिनांक 29.09.2016 से 30.09.2016 तक बेंगलूरु का दौरा किया।
- अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति ने (i) अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) दिशानिर्देश, 2016 (ii) एनआरईजीए (iii) अनुपालन, लेन-देन की निगरानी, सूचना की साझेदारी व रिपोर्टिंग को सुनिश्चित करने हेतु प्रधान अधिकारी की भूमिका और (iv) जनसामान्य को, खास

- Parliamentary committee on petition visited Coorg from 31.05.2016 to 02.06.2016 to have discussion on the steps to correct the increasing NPAs, dealing with NPAs under agriculture and encouraging retail loans to end users or individual home buyers so that economic activity is enhanced and NPAs don't increase.
- Parliamentary committee on government assurances visited Bengaluru on 02.06.2016 to have discussion on the implementation of guidelines issued by RBI/ Govt. on provision for customer induced options for fixing a cap on the value/mode of transactions/ beneficiaries.
- Parliamentary standing committee on social justice and empowerment visited Lucknow from 20.06.2016 to 23.06.2016 to have discussion on priority sector lending to scheduled castes, scheduled tribes, other backward classes, persons with disabilities and minorities.
- Parliamentary standing committee on HRD visited Vishakapatnam on 01.07.2016 to have discussion on education loan facilities and Sukanya Samridhi Yojana, steps taken by the Banks to provide loans to the students pursuing skill development courses.
- Parliamentary committee on government assurances visited Shimla on 04.07.2016 to have discussion on the extent of implementation of assurances, promises, undertaking etc. and Bank's credit policy.
- Parliamentary committee on subordinate legislation visited Chandigarh on 12.07.2016 to have discussion on performance of Bank under priority sector advances, schemes available for the benefit of the farmers, and government sponsored schemes.
- Parliamentary standing committee on finance visited Bengaluru from 13.07.2016 to 15.07.2016 to have discussion on the steps/measures being taken by bank to address the rising NPAs, Bank's specific response to RBI guidelines/instructions on early recognition of financial distress.
- Parliamentary committee on papers laid on the table visited Bengaluru from 29.09.2016 to 30.09.2016 to have discussion on the type of audit procedure, available in organisation, selection and appointments of statutory central auditors to the individual public sector banks and any case/cases of misappropriation of funds being detected.
- Parliamentary committee on subordinate legislation visited Tirupathi on 13.10.2016 to have discussion on (i) Know Your Customer (KYC) Directions, 2016 (ii) NREGA (iii) Role of principal officer for ensuring compliance, monitoring transactions, sharing &

कर वित्तीय या सामाजिक रूप से वंचित व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली बैंकिंग.वित्तीय सुविधा संबंधी मदों पर विचार विमर्श के लिए दिनांक 13.10.2016 को तिरुपति का दौरा किया।

- अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति ने भारतीय रिज़र्व बैंक के (प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित प्रदेशों में बैंक द्वारा कृत राहत उपाय) दिशानिर्देश, 2016 पर विचार विमर्श के लिए दिनांक 15.10.2016 को विशाखापट्टनम का दौरा किया।
- सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति ने खाता. सेग्मेंट स्तर पर संकट के ससमय पहचान करने में आईटी एवं एमआईएस तंत्र का प्रयोग; आस्ति गुणवत्ता पर विश्वसनीय एवं गुणवत्ता संबंधी सूचना का सृजन और धोखेबाज उधारकर्ताओं की पहचान विषय पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 17.10.2016 से 18.10.2016 तक बेंगलूरु का दौरा किया।
- ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने कर्नाटक राज्य और समिति द्वारा दौरा किए जानेवाले जिलों में मनरेगा, एनआरएलएम, पीएमएवाई (जी) आदि ग्रामीण विकास योजनाओं में बैंकों की भूमिका पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 21.10.2016 से 23.10.2016 तक बेंगलूरु और मैसूरु का दौरा किया।
- अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति ने (i) आरक्षित नकदी निधि अनुपात एवं सांविधिक चलनिधि अनुपात संबंधी आरबीआई मास्टर परिपत्र (ii) दबावग्रस्त आस्तियों की धारणीय संरचना के लिए आरबीआई की योजना (iii) विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत बढ़ती एनपीए से बैंक द्वारा सामना की जानेवाली समस्याएँ (iv) विमुद्रीकरण पर जारी अधिसूचना एवं विमुद्रीकरण के कारण बैंक द्वारा कृत नोट वसूली एवं वितरण के संबंध में गुजरात राज्य में ग्राहकों को हुई परेशानियों. शिकायतों के विषय पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 04.01.2017 से 05.01.2017 तक अहमदाबाद का दौरा किया।
- अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति ने (i) आरक्षित नकदी निधि अनुपात एवं सांविधिक चलनिधि अनुपात संबंधी आरबीआई मास्टर परिपत्र (ii) दबावग्रस्त आस्तियों की संतत पुनर्संरचना पर आरबीआई की योजना (iii) विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत बढ़ती एनपीए से बैंक द्वारा सामना की जानेवाली समस्याएँ (iv) विमुद्रीकरण पर जारी अधिसूचना एवं विमुद्रीकरण के कारण बैंक द्वारा कृत नोट वसूली एवं वितरण के संबंध में कर्नाटक राज्य में ग्राहकों को हुई परेशानियों.शिकायतों के विषय पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 07.01.2017 से 08.01.2017 तक बेंगलूरु का दौरा किया।
- वाणिज्य संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने दक्षिण-पश्चिम एशियाई राज्य संघ (आशियान) के साथ व्यापार पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 07.01.2017 से 08.01.2017 तक बेंगलूरु का दौरा किया।
- महिला सशक्तीकरण संबंधी संसदीय समिति ने कार्यस्थल एवं शैक्षिक संस्थाओं में महिलाओं के साथ हो रही यौन उत्पीड़न विषय पर विचार-विमर्श के लिए दिनांक 10.01.2017 से 11.01.2017 तक लक्षद्वीप का दौरा किया।

reporting information and (iv) issues related to banking/financial facility to members of the general public, especially those, who are financially or socially disadvantaged.

- Parliamentary committee on subordinate legislation visited Vishakhapatnam on 15.10.2016 to have discussion on the Reserve Bank of India (relief measures by banks in areas affected by natural calamities) directions, 2016.
- Parliamentary committee on government assurances visited Bengaluru from 17.10.2016 to 18.10.2016 to have discussion on the use of IT & MIS mechanism on identification of early detection of distress at account level/segment level & generation of reliable and quality information on asset quality and Identification of fraudulent borrowers.
- Parliamentary standing committee on rural development visited Bengaluru & Mysuru from 21.10.2016 to 23.10.2016 to have discussion on role of Banks in rural development schemes like MGNREGA, NRLM, PMAY (G) etc. in the state of Karnataka and in districts being visited by the committee.
- Parliamentary committee on subordinate legislation visited Ahmedabad from 04.01.2017 to 05.01.2017 to have discussion on (i) RBI master circular on cash reserve ratio and statutory liquidity ratio (ii) RBI scheme for sustainable structuring of stressed assets. (iii) Problems faced by banks due to rising NPA of different categories. (iv) Notification issued on demonetisation and problems/grievances of the customers regarding collection and disbursement of cash by banks due to demonetisation in Gujarat.
- Parliamentary committee on subordinate legislation visited Bengaluru from 07.01.2017 to 08.01.2017 to have discussion on (i) RBI master circular on cash reserve ratio and statutory liquidity ratio. (ii) RBI scheme for sustainable structuring of stressed assets. (iii) Problems faced by banks due to rising NPA of different categories. (iv) Notification issued on demonetisation and problems/grievances of the customers regarding collection and disbursement of cash by banks due to demonetisation in Karnataka.
- Parliamentary standing committee on commerce visited Bengaluru from 07.01.2017 to 08.01.2017 to have discussion on trade with Association of South-East Asian Nations (ASEAN).
- Parliamentary committee on empowerment of women visited Lakshadweep from 10.01.2017 to 11.01.2017 to have discussion on sexual harassment for women at workplace and in educational institutions.

अनुपालन विभाग

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित अनुपालन नीति में स्पष्ट किया गया है कि आंतरिक नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के साथ-साथ अनुपालन कार्य, अभिशासन का एक अभिन्न अंग है। अनुपालन विभाग का नेतृत्व मुख्य अनुपालन अधिकारी (उप महाप्रबंधक श्रेणी के) करते हैं, जो बैंक के अनुपालन संबंधी कार्यों को देखते हैं और शीर्ष प्रबंधन को जोखिम अनुपालन के प्रबंधन में सहायता करते हैं।

उच्च अनुपालन मानक हेतु बैंक की वचनबद्धता को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ सुधार लाने के लिए अनुपालन प्रकार्य की नियमित समीक्षा की जाती है। अनुपालन नीति की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है और अर्जित अनुभव एवं उपयोगिता पहलू के आधार पर अपेक्षित संशोधन किया जाता है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

बैंक द्वारा अक्तूबर 2005 से इस अधिनियम के संगत प्रावधानों का कार्यान्वयन किया गया है। अधिनियम के तहत निर्धारित बैंक संबंधी सूचना बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अधिनियम के अंतर्गत बैंक के लिए अपील प्राधिकारी और विभिन्न स्तरों पर जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) एवं वैकल्पिक जन सूचना अधिकारी (एपीआईओ) पदनामित किए गए हैं। अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न स्तरों की भूमिकाओं तथा उत्तरदायित्वों को बैंक ने स्पष्ट किया है। वर्ष के दौरान बैंक ने 24 अपीलीय प्राधिकारियों, 71 जनसूचना अधिकारियों, 85 वैकल्पिक जनसूचना अधिकारियों एवं एक ट्रान्सपैरेन्सी अधिकारी को आरटीआई मामलों के सही ढंग से संचालन के लिए नामोदिष्ट किया है।

संसदीय समिति के निदेशों के अनुसार, बैंक ने शीर्ष स्तर पर एक अनुप्रवर्तन समिति का गठन किया है जो आरटीआई अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करती है। वर्ष के दौरान समिति ने बैंक में आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा की। बैंक ने आरटीआई मामले संभालनेवाले अपील प्राधिकारियों/जन सूचना अधिकारियों/वैकल्पिक जन सूचना अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों को सहायता प्रदान करने के लिए बैंक के इंट्रानेट पर ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल प्रारंभ किया है। पीएसयू/सार्वजनिक प्राधिकरणों के साथ-साथ हमारा बैंक भी ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल <https://rtionline.gov.in/RTIMIS> के साथ जुड़ा हुआ है। बैक के पीआईओ/एफएए, ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल के जरिए प्राप्त आवेदनों/अपीलों का भी निपटान करते हैं। वर्ष के दौरान, बैंक को 3030 आरटीआई आवेदन तथा 404 प्रथम अपीलें प्राप्त हुईं। बैंक ने निर्धारित समय के भीतर सभी आवेदनों एवं अपीलों का निपटान किया है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

प्रधान कार्यालय, मणिपाल, कर्नाटक में बैंक का निरीक्षण विभाग कार्यरत है जो नियंत्रण प्रक्रिया से स्वतंत्र है और बैंक की प्रणालियों, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन की जाँच करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार से प्राप्त आंतरिक नियंत्रण संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक का निदेशक मंडल, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति तथा कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति, बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का हिस्सा होते हैं।

COMPLIANCE DEPARTMENT

Compliance policy approved by the Board of Directors of the Bank articulates that the compliance function is an integral part of governance along with the internal control and risk management process. The compliance department headed by a Chief Compliance Officer (in the rank of Deputy General Manager) oversees the compliance functions in the Bank and assists the top management in managing the compliance risk.

Continuing with the Bank's commitment to high compliance standards, compliance function is reviewed regularly for making improvements. The compliance policy is reviewed every year and amendments, if necessary, are carried out based on the experience gained and utility aspect.

RIGHT TO INFORMATION ACT 2005

The Bank has implemented the relevant provisions of the act with effect from October 2005. The information related to the Bank as stipulated under the act is displayed on the Bank's website.

The Appellate Authorities for the Bank under the act and the Public Information Officers (PIOs) and Alternate Public Information Officers (APIOs) at various levels have been designated. The Bank has clearly spelt out the roles and responsibilities at different levels under the act. During the year the Bank has designated 24 Appellate Authorities, 71 PIOs and 85 Alternate PIOs and one transparency officer for smooth functioning of RTI matters.

As directed by the Parliamentary Committee, the Bank has constituted a monitoring committee at apex level to oversee the implementation of the RTI Act. During the year, the committee has reviewed the effectiveness of implementation of the RTI act in the Bank. The Bank has started on-line RTI portal on Bank intranet for assisting Appellate Authorities/PIOs/Alternate PIOs and Nodal officers handling RTI matters. Bank is also linked to the online RTI portal at https://rtionline.gov.in/RTIMIS along with other PSUs/Public Authorities. The PIOs/FAAs of the Bank are receiving and replying to applications/appeals through online RTI portal also. The bank has received 3030 No. of RTI applications and 404 first appeals in the year. During the year, the Bank has disposed of all the applications and all appeals received, within the stipulated time.

INTERNAL CONTROL SYSTEM

The Bank has an Inspection Department, independent from control process at Head Office, Manipal, Karnataka that examines the adherence to systems, procedures, and policies of the Bank. The guidelines received on internal control from RBI, GOI, Bank's Board, ACB and ACE constitutes part of the internal control system for better Risk Management.

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यकलापों पर नजर रखती है और बैंक में प्रभावी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के विकास हेतु मार्गदर्शन देती है। यह कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीई) और बैंक के निरीक्षण विभाग के कार्यों की भी निगरानी करती है।

एसीई, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में गठित है और प्रधान कार्यालय व कॉरपोरेट कार्यालय के पाँच महाप्रबंधक इसके सदस्य होते हैं तथा यह निरीक्षण विभाग के स्तर से ऊपर की समिति है। यह समिति महत्वपूर्ण लेखा टिप्पणियों के अनुपालन की निगरानी करती है तथा कमियों को दूर करने के लिए दिशानिर्देश देती है।

नीतियों, प्रक्रियाओं एवं आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के अनुपालन की जाँच करते हुए शाखाओं तथा कार्यालयों की विभिन्न प्रकार के लेखा–परीक्षणों को अंजाम देने के लिए आठ प्रादेशिक निरीक्षणालय, निरीक्षण विभाग की मदद करते हैं।

बैंक के पास बोर्ड अनुमोदित पूर्ण परिभाषित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति उपलब्ध है जिसके तहत जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा, विशेष लेखापरीक्षा, अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण (केवाईसी/एएमएल) अनुपालन आदि आते हैं। वार्षिक आधार पर नीति की समीक्षा/अद्यतन किया जाता है।

हमारा बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पहला बैंक है, जिसने सॉफ्टवेयर आधारित आरबीआईए क्रियान्वित किया है। 01.07.2014 से बैंक ने सॉफ्टवेयर आधारित संगामी लेखापरीक्षा भी क्रियान्वित किया है। संगामी लेखापरीक्षकों/शाखाओं से प्राप्त फीड बैक के आधार पर, बैंक ने संगामी लेखापरीक्षा सॉफ्टवेयर का पुन: मुआयना करके अधिक प्रयोक्तानुकूल विशेषताओं के साथ उसका पुनरोत्थान किया है।

सभी शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) के साथ उच्च जोखिम क्षेत्र; जैसे: विशिष्ट शाखाएँ, कोष एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग विभाग, विदेशी विनिमय संसाधन केंद्र (एफएक्सपीसी), निधि एवं निवेश प्रबंधन प्रभाग, पूँजी बाज़ार सेवाएँ, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, कार्ड सेंटर तथा उच्च प्रमात्रावाली कारोबारी शाखाएँ आदि को जोड़ा गया है।

वार्षिक कार्य योजना (एएपी) को आंतरिक लेखापरीक्षा नीति के अनुरूप बनाया गया है जिसमें वर्ष के लिए लेखापरीक्षा योजना की अनुसूची और सिद्धांत शामिल होते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान, निरीक्षण विभाग ने कुल 3898 लेखापरीक्षा पूर्ण कर लिए हैं, जिनमें 2636 आरबीआईए, 308 अनुपालन लेखापरीक्षा, और 954 ऋण लेखापरीक्षा शामिल हैं। दि. 31.03.2017 तक शाखाओं में संपन्न कुल 2636 आरबीआईए में से 1808 शाखाएँ कम जोखिम श्रेणी के, 826 शाखाएँ मध्यम जोखिम श्रेणी के और 02 शाखाएँ उच्च जोखिम श्रेणी के हैं।

इसी प्रकार, वर्ष 2016-17 के दौरान प्रथमा बैंक, जो बैंक द्वारा प्रायोजित एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक है, की द्विवार्षिक प्रबंधन लेखापरीक्षा की गई।

बैंक के निरीक्षण विभाग ने बैंक के 19 बाह्यस्रोत की गतिविधियों के लिए निर्धारित ''आउटसोर्सड फिनांशियल सर्विस प्रोवाइडर्स'' का जोखिम आधारित और आईएस लेखापरीक्षा करवाया तथा पाई गई बड़ी विसंगतियों को निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

Audit Committee of the Board (ACB) oversees the internal audit function of the Bank and guides the Bank in developing effective internal control systems. It also monitors the functioning of the Audit Committee of Executives (ACE) and Inspection Department of the Bank.

The ACE, comprising of the Executive Director as Chairman and five General Managers of Head Office & Corporate Office as members is a layer above the Inspection Department. The committee monitors the compliances of the major audit observations and gives directions for rectification of the deficiencies.

Eight Regional Inspectorates operate as extended arms of the Inspection Department (ID) to carry out various types of audits of the branches and offices to examine adherence to systems of internal control, procedures and policies.

The Bank has a well defined, Board approved Internal Audit Policy covering RBIA, Information System Audit, Concurrent Audit, Credit Audit, Special Audits, Know Your Customer/ Anti Money Laundering (KYC / AML) Compliances, etc. The Policy is being reviewed/updated on annual basis.

Bank is the first Bank to implement software driven RBIA among all Public Sector Banks. Bank has also implemented the software driven concurrent audit w.e.f. 01.07.2014. Based on the feedback received from the concurrent auditors/branches, Bank revisited the Concurrent Audit software has been revamped by introducing more user friendly features.

The Risk Based Internal Audit (RBIA) of all the branches is supplemented with concurrent audit of high risk areas like specialized branches, Treasury & International Banking Division, Foreign Exchange Processing Centers (FXPC), Funds and Investment Management Division, Capital Market Services, Dept. of Information Technology, Card Centre and High Volume Business Branches etc.

The Annual Action Plan (AAP), drawn in accordance with the internal audit policy involves the schedule & rationale of the audits planned for the year. For the year 2016-17, Inspection Department has completed 3898 audits consisting of 2636 RBIA, 308 Compliance Audit and 954 Credit Audit. Out of the 2636 RBIA of branches held upto 31.03.2017, 1808 branches were in low risk, 826 branches were in medium risk and 02 branches were in high risk category.

Similarly, bi-annual management audit of Prathama Bank, one of the Bank sponsored Regional Rural Bank is carried out by the Bank during the year 2016-17.

Inspection Department of the Bank conducted IS Audit and Risk Based Audit of the "Outsourced Financial Service Providers" for all 19 outsourced activities of the Bank and placed the major observations before the Board of Directors.

₹500/- एवं ₹1000/- के विनिर्दिष्ट बैंक नोटों (एसबीएन) की वैधता समाप्त किए जाने के परिणामस्वरूप, एसबीएन के विनिमय/ विप्रेषण संबंधी अनाचारों को रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किए गए। निरीक्षण विभाग द्वारा बैंक के सभी मुद्रा तिजोरियों में मौजूद एसबीएन की भौतिक जांच भी की गई। शाखाओं से जुड़े संगामी लेखापरीक्षकों द्वारा भी एसबीएन लेनदेनों की छानबीन की गई।

संगामी लेखा परीक्षा कवरेज केलिए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कुल कारोबार के न्यूनतम 70% भाग के लक्ष्य को बैंक द्वारा हासिल किया गया है। 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार, संगामी लेखा परीक्षा के अंतर्गत कुल 844 शाखाओं को शामिल किए गए हैं जिसमें बैंक के कारोबार का 75.53 प्रतिशत, अग्रिमों का 86 प्रतिशत और जमाराशियों का 66.01 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

वर्ष के दौरान आईएसओ 27001 प्रमाणीकरण के तहत निरीक्षण विभाग में नए रूप से नियोजित 35 विशेषज्ञ अधिकारियों को एनआईबीएम, पुणे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया और आईएस लेखापरीक्षा खंड के चार अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

परोक्ष निगरानी प्रणाली, आंतरिक निगरानी तंत्र को सशक्त बनाने का एक प्रभावी प्रबंधन उपाय है। इसके अंतर्गत प्रधान कार्यालय स्तर पर एक ओएमसी यूनिट और आठ प्रादेशिक निरीक्षणालयों में हरेक में एक-एक यूनिट शामिल किए गए हैं। संदिग्ध लेन-देनों संबंधी मामलों में एफआईयू-आईएनडी को एसटीआर प्रस्तुत किए गए हैं।

बैंक की निरीक्षण प्रणाली द्वारा भारत सरकार, विनियामक और बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रणालियों व पद्धतियों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी की जाती है।

आंतरिक नियंत्रण और सतर्कता

प्रबंधन कार्यों का एक महत्वपूर्ण भाग सतर्कता प्रशासन है, जिसका उद्देश्य संगठन की दक्षता एवं प्रभावशीलता में सुधार लाना है। प्रणालियों एवं कार्यविधियों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शाखाओं में निवारक सतर्कता संबंधी अध्ययन की शुरुआत करके, एसआईबीएम एवं बैंक के अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों में निवारक सतर्कता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करके तथा शाखाओं में निवारक सतर्कता समितियों का गठन करते हुए निवारक सतर्कता पर ज़ोर दिया जाता है।

प्रणालीगत विकास

- बेईमान व्यक्तियों द्वारा बैंक का अनुचित लाभ उठाने हेतु प्रणाली का दुरुपयोग करने से रोकने के लिए सीबीएस प्रणाली में ऑटोमेटिक लॉग आउट समय को घटाकर 5 मिनट कर दिया गया है।
- विधिक लेखापरीक्षा के लिए खाते की पहचान की प्रक्रिया के औचित्य की जांच हेतु निवारक सतर्कता के अंग के रूप में ''विधिक लेखापरीक्षा'' संबंधी जांच की गई है। सुधार हेतु दिए गए सुझावों को लागू लिए गए हैं।

Subsequent to withdrawal of legal tender character of Specified Bank Notes (SBNs) of ₹500/- and ₹1000, in order to check the malpractices in exchange/remittance of SBNs, random verifications were carried out by Inspection Department. Physical verification of SBNs in all currency chests of the Bank were also conducted by inspection department. The scrutiny of SBN transactions was also carried out by the concurrent auditors attached to the branches.

